# सामाजिक उत्तरदायित्व और धारणीय विकास के लिए

## Solvay Group
## और
## IndustriALL Global Union के बीच
## वैश्विक संरचना अनुबंध

SOLVAY GROUP SOCIAL RESPONSIBILITY AND SUSTAINABLE DEVELOPMENT ??अनुबंध

*Solvay Group, के सीईओ और CEO COMEX के चेयरमैेन जीन-पिएरे कलामाडीयू (Jean-Pierre Clamadieu) द्वारा प्रतिनिधित्व,*:

और

*IndustriALL Global Union, इसके महासचिव वाल्टर सांचेज (Valter Sanches) द्वारा प्रतिनिधित्व,* :

के बीच अनुबंध

## प्रस्तावना

रसायन उद्योग केवल उत्तरदायित्व की सशक्त भावना के साथ संचालित हो सकता है। Solvay कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, श ेयरधारकों, समुदायों, अपने साइट्स के आसपास रहने वाले लोगों, पर्यावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के साथ व्यवहार करते समय उत्तरदायित्व की भावना पर बल देता है।

"Solvay की शैली" दृष्टिकोण, जिसका यह अनुबंध एकीकृत अंग है, इस विकास मॉडल को चलाता है जो सभी हिस्सेदारों के प्रति और ज्यादा उत्तरदायित्व के लिए व्यवहार के उच्च मानकों के साथ संचालन कार्यप्रदर्शन को संयोजित करता है।

इस उत्तरदायित्व के लिए कर्मचारियों की ओर से पर्याप्त भागीदारी अपेक्षित होती है, और इसी कारण से प्रबंधन और कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के बीच पर्याप्त, संतुलित वार्तालाप बनाए रखना Solvay की चाह है जो Solvay के मूल्यों और पहचान के केंद्र में है।

ऐसा उत्तरदायित्व Solvay की सभी विश्वव्यापी गतिविधियों से संबंधित है और इसलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालन करने वाले संगठन के साथ वार्तालाप अपेक्षित होता है।

यह इस अनुबंध का औचित्य है, जिसके माध्यम से Solvay और IndustriALL Global Union जो रसायन उद्योग से जुड़े विश्वव्यापी कर्मचारियों को संगठित करता है, सूचना तथा वार्तालाप का ढांचा तैयार कर रहे हैं और दुनिया में जहां कहीं भी Group संचालन करता है वहां उत्तम औद्योगिक एवं श्रम परिपाटियों के प्रति अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता की पुष्टि कर रहे हैं।

Solvay प्रत्येक उस देश में जहां यह संचालन करता है, सांविधिक तथा विधिक बाध्यताओं के अनुपालन के अतिरिक्त इस प्रतिबद्धता को स्वैच्छिक बनाता है। निम्नलिखित सूचीबद्ध वैश्विक मानकों का दुनियाभर में Solvay की सभी कंपनियों द्वारा पालन किया जाएगा।

Group की सहायक कंपनियां, उनके अपने देश की विशिष्ट आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक वास्तविकताओं का◌े ध्यान में◌ं रखते हुए, यह सुनिश्चित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ करेंगी कि यह अनुबंध इस अनुबंध में नियत प्रावधानों के आधार पर सतत् प्रगति की भावना के साथ लागू हो।

इस अनुबंध के दोनों पक्ष सहमत होते हैं कि इस अनुबंध में निहित अंतरराष्ट्रीय रूप से स्वीकृत मानक तथा सिद्धांत सारी दुनिया में Solvay के सभी साइट्स पर लागू होंगे, चाहे राष्ट्रीय कानून या विनियमों द्वारा उनकी आवश्यकता हो या नहीं हो।

Solvay ▯▯ IndustriALL Global Union इस अनुबंध का प्रभावी अनुप्रयोग सुनिश्चित करने के लिए विश्वासपूर्ण तथा रचनात्मक संबंध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## I - ⁇अनुबंध का विषय-क्षेत्र

यह अनुबंध उन कंपनियों पर लागू होता है जिन ▯▯ Solvay Group का प्रत्यक्ष नियंत्रण है।

इस अनुबंध के प्रावधान और प्रमुख श्रम मानक तथा अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) का संबंधित क्षेत्राधिकार स्थानीय तथा राष्ट्रीय कानूनों के कम अनुकूल होने की दशा में अधिमान्य हो जाएगा।

किसी भी प्रकार के विलय, अधिग्रहण या कारपोरेट पुनर्संरचना के मामले में जिसके कारण Solvay के नियंत्रणाधीन नई कंपनियों का सृजन हा◌े सकता है या IndustriALL Global Union को प्रभावित करने वाले इस प्रकार के बदलावों की दशा में, ये कंपनियां वैश्विक अनुबंध का पक्ष मानी जाएंगी और इसके प्रावधानों के अधीन होंगी जबतक कि अनुबंध पर फिर से बातचीत नहीं हो जाती है।

Solvay अपने अापूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों से इस अनुबंध में निहित सिद्धांतों का अनुपालन करने की अपेक्षा रखता है।

## II - वैश्विक मानक

### **अनुच्छेद** 1

Solvay [illegible] IndustriALL Global Union समाज तथा कंपनी में श्रम अधिकारों तथा ट्रेड यूनियन के अधिकारों को शासित करने वाले मूलग्रंथों का पूर्णतया पालन करने की पुष्टि करते हैं।

### 1.1 ILO **कंवेंशन**

Solvay मूलभूत मानवाधिकारों के संबंध में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के कंवेंशन के प्रति अपने अनुपालन पर बल देता है।

- **कंवेंशन** 87, 98 **और 135**

सामूहिक मोलभाव में संलग्न होने के अधिकार सहित संघ की स्वतंत्रता के मूलभूत अधिकारों की संरचना के भीतर, कर्मचारियों के पास स्वतंत्र रूप से निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिनिधित्व किए जाने, अपनी पसंद के संगठन बनाने और उनमें शामिल होने का अधिकार भी है।

- **कंवेंशन** 29 **और 105**

बंधुआ या बलपूर्वक मजदूरों को काम पर न लगाने की प्रतिबद्धता।

- **कंवेंशन** 138 **और 182**

बाल मजदूरों को काम पर न लगाने की प्रतिबद्धता।

- **कंवेंशन** 100 **और 111**

एक समान मूल्य के काम के लिए महिलाओं तथा पुरुषों के लिए समान वेतन और नियोजन तथा व्यवसाय के संबंध में भेदभाव रोकने सहित नियोजन में समान अवसर तथा व्यवहार सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता।

- **कंवेंशन** 156

पारिवारिक जिम्मेदारी वाले महिला एवं पुरुष दोनों कर्मचारियों तथा गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए अधिकारों एवं समान अवसर सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता।

1.2 **संयुक्त राष्ट्र** (UN) **वैश्विक प्रभाव**

संयुक्त राष्ट्र वैश्विक प्रभाव के हस्ताक्षरकर्ता के तौर ▯▯, Solvay इसके 10 सिद्धांतों का सम्मान करने का वचन देता है:

**<u>मानवाधिकार</u>**

- **सिद्धांत सं.** 1

व्यवसायों को अपने प्रभाव के क्षेत्र में मानवाधिकारों से संबंधित अंतरराष्ट्रीय श्रम कानून के संरक्षण का समर्थन तथा सम्मान करना चाहिए।

- **सिद्धांत सं.** 2

सुनिश्चित करें कि वे मानवाधिकार दुरुपयों में शामिल नहीं हैं।

**<u>श्रम मानक</u>**

- **सिद्धांत सं.** 3

व्यवसाय को संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक मोलभाव के अधिकार की प्रभावी स्वीकृति बनाई रखनी चाहिए।

- **सिद्धांत सं**. 4

सभी प्रकार की बंधुआ तथा बलपूर्वक मजदूरी को समाप्त करना।

- **सिद्धांत सं**. 5

बाल मजदूरी का प्रभावी उन्मूलन।

- **सिद्धांत सं**. 6

रोजगार तथा व्यवसाय के संबंध में भेदभाव को समाप्त करना।

पर्यावरण

- **सिद्धांत सं**. 7

व्यवसाय को पर्यावरणीय बदलावों के प्रति एहतियाती दृष्टिकोण का समर्थन करना चाहिए।

- **सिद्धांत सं**. 8

बृहद् पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने की पहल करना।

- **सिद्धांत सं**. 9

पर्यावरण-अनुकूल प्रौद्योगकियों के विकास और विस्तार को प्रोत्साहित करना।

**भ्रष्टाचार-निरोध**

- **सिद्धांत सं**. 10

व्यवसाय को ज़बर्दस्ती वसूली तथा रिश्वतखोरी सहित सभी प्रकार के भ्रष्टाचार के विरुद्ध काम करना चाहिए।

1.3 **मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा**

1.4 **बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए** OECD **दिशा-निर्देश** (2011 **में यथा संशोधित**)

1.5 **बहुराष्ट्रीय उद्यमों तथा सामाजिक नीति से संबंधित** ILO **की सिद्धांतों की त्रिपक्षीय घोषणा**

1.6 **व्यवसाय तथा मानवाधिकारों के संबंध में** UN **के दिशा-निर्देशक सिद्धांत**

1.7 UN **के संवहनीय विकास के लक्ष्य** (2015 **में यथा संशोधित**)

## III - SOLVAY GROUP **की विशिष्?प्रतिबद्धताएं**

1. **स्वास्थ्यऔसुरक्षा**

- इसके कर्मचारियों का स्वास्थ्य और शारीरिक तथा मानसिक सुरक्षा Solvay के लिए मुख्य मान तथा प्राथमिकता है। काम की अच्छी स्थितियां सुनिश्चित करना और जोखिम का प्रबंध करना समूह के लिए दैनिक मुद्दे हैं। Solvay कार्य-जीवन संतुलन सहित दक्षतापूर्ण आंतरिक नीतियां बनाई हैं और इन्हें कड़ाई से लागू करने पर बल देता है। इसका लक्ष्य सुरक्षा कार्यप्रदर्शन में निरंतर सुधार करना और अपने खुद के कर्मचारियों तथा उप-ठेकेदारों, ठेकेदारों एवं आपूर्तिकर्ताओं के कर्मचारियों के लिए आंकलन संकेतकों का नियमित अनुश्रवण करना है।

- Solvay सभी कार्मिकों के लिए काम की स्वास्थ्यकारी स्थितियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कोई भी काम करते हों और इससे जुड़े कोई भी जाखिम हों।

- Solvay शपथ लेता है कि आरंभ से ही, निवेश परियोजनाएं कार्मिकों या निकटवर्ती निवासियों के स्वास्थ्य या सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगी। इसके अतिरिक्त, Solvey मौजूदा स्थितियों में सुधार करने की संभावना वाले समाधानों का समर्थन करता है।

2. **अंतरणीयता और रोजगार**

- Solvey कार्य के खुले ठेकों के अंतर्गत लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देने का समर्थन करता है।

- Solvey संबंधित देश की स्थितियों के मद्देनजर व्यवसाय में उत्तम मानकों से तुलनीय उचित मजदूरी नीति लागू करने का वचन देता है।

- अपनी गतिविधियों की पुनर्संरचना करने या कर्मचारियों पर बड़ा प्रभाव डालने वाले किसी अन्य प्रबंधकीय निर्णय की दशा में, Solvey, विधिक अपेक्षाओं तथा स्थानीय परिपाटियों के अनुपालन में, कर्मचारियों तथा उनके प्रतिनिधियों को यथा शीघ्र सूचित करने और रोजगार तथा काम की स्थितियों पर पड़ने वाले प्रभाव को संभवत: कम करने वाले प्रयासों को प्राथमिकता देने, और साथ ही समूह के भीतर काम के अन्य अवसरों को प्राथमिकता देने की शपथ लेता है।

  - Solvay मानता है कि इसके प्रत्येक कर्मचारी की स्वायत्ता और उत्तरदायित्व कंपनी के कार्यप्रदर्शन में अहम भूमिका निभाता है। उस कारण से, कंपनी अपने कार्मिकों के रोजगार को बढ़ाने के लिए, आंतरिक अंतरणीयता, भौगोलिक तथा करियर उन्नति दोनों को प्रोत्साहित करती है।

  - Solvay कर्मचारियों को कंपनी में उनके करियर के दौरान निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करने का भरसक प्रयास करता है:

- उपलब्ध नौकरियों के बारे में, विशेष तौर पर प्लेसमेंट सेंटर (जब वे मौजूद हों) के माध्यम से सूचना

- नए व्यवसायों तथा प्रौद्योगिकियों के लिए उन्हें तैयार करने हेतु प्रशिक्षित करना
- ज्ञान और कौशल विकास

- Solvay वैश्विक स्तर पर छूट के लिए अपने व्यावसायिक परिवारों के समन्वित प्रबंधन के माध्यम से और अन्य कर्मचारियों के लिए क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसीे अंतरणीयता पेशकश के लिए तैयार अपने कर्मचारियो के अपवाद सहित कर्मचारी स्वैच्छिक अंतरणीयता का समर्थन करता है।

- Solvey अपने कार्यबल में आयु का संतुलित वितरण बनाए रखने का प्रयास करता है अौर वरिष्ठ कर्मचारियों के काम तथा कार्यप्रदर्शन की स्थितियों पर विशेष ध्यान देता है।

## 3. **कर्मचारियों के लाभ**

Solvay सुनिश्चित करता है कि इसके कर्मचारियों को कल्याण सुरक्षा योजनाओं द्वारा कवर किया जाता है जो बीमारी, विकलांगता, मातृत्व, पैतृत्व, मृत्यु होने की दशा में या उनकी सेवानिवृत्ति के बाद लाभ प्रदान करती हैं, जो इसके कर्मचारियों के अधिक अनुकूल हों, स्थानीय कानूनों, विनियमों तथा परिपाटियों के अनुपालन में होंं, और यथावश्यकता अपने खुद के पूरक लाभ प्लान विकसित करती होंं। Solvay “Solvay Care” कार्यक्रम सेटअप करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका उद्देश्य दुनियाभर में सभी कर्मचारियों को कम से कम एकसमान न्यूनतम स्वास्थ्य मानक प्रदान करना है।

## 4. **भेदभाव-निरोध**

- Solvay किसी भी प्रकार के भेदभाव को नकारता है और विविधता का सम्मान करने तथा समान अवसर को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ILO कंवेंशन 111 के प्रावधानों को कंपनी की नीति में रूपांतरित करती है जो समान अवसर में किसी भी बदलाव या जाति, लिंग, त्वचा के रंग, धर्म, राजनीति या यूनियन की राय, राष्ट्रीय निष्कर्षण या सामाजिक मूल के आधार पर रोजगार में उचित व्यवहार को अस्वीकार करती है। Solvay परिवार की जिम्मेदारियों वाले अपने कर्मचारियों का

विशेष तौर पर समर्थन करता है  ILO के कंवेंशन 156 के प्रावधानों की पुष्टि करता है।

- इस दृष्टिकोण में कर्मचारी विविधता को बढ़ावा देने के विशिष्ट प्रयास शामिल होते हैं। Solvay सफलता के कारक के तौर पर, विशेष तौर पर संगठन में प्रवेश स्तर पर, लिंग पर विचार करते हुए, समूह में विविधता और समावेशन को, और अंतर-सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा दे रहा है।

5. **आपूर्तिकर्ताओं**, **ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों के साथ जिम्मेदाराना संबंध**

- Solvay अपने आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों से कानून तथा सांविधिक विनियमों, और साथ ही अंतरराष्ट्रीय अनुबंधों तथा मानकों में निर्धारित बुनियादी मानवाधिकारों का अनुपालन करने की अपेक्षा करता है, और इसप्रकार इस अनुबंध के प्रावधानों के साथ Solvay के अनुपालन में योगदान करता है। Solvay इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करेगा और यथावश्यकता इन क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता का लाभ प्रदान करेगा। अत: वर्तमान अनुबंध की विषय-वस्तु को प्रत्येक आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार और उप-ठेकेदार को संचारित किया जाता है।

- कर्मचारी के स्वास्थ्य और सुरक्षा विधान, पर्यावरणीय सुरक्षा या बुनियादी मानवाधिकारों का कोई भी गंभीर उल्लंघन जिसका पूर्व में दी चेतावनी के बावजूद कोई प्रतिकार नहीं किया जाता है तोअनुबंध की बाध्यताओं के अनुपालन में संबंधित कंपनी से संबंध विच्छेद कर लिया जाएगा।

6. **जोखिम प्रबंधन और पर्यावरणीय सुरक्षा**

- **प्रक्रिया और उत्पाद संबंधी जोखिम**

जोखिम प्रबंधन Solvey के लिए प्राथमिकता है, जिसका दिशानिर्देशक सिद्धांत सर्वोच्च मानकों को लागू करना है।

अपनी नीतियों और प्रक्रियाओं की संरचना के भीतर, Solvey निम्नलिखित विकसित करने का वचन देता है:

- ज्ञात और पहचान किए जोखिम **के संबंध में** निवारक दृष्टिकोण
- एक **एहतियाती दृष्टिकोण** कंपनी की गतिविधियों को प्रभावित करने वाले जोखिमों के मुद्दे के संबंध में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के प्रति सक्रिय, अग्रगामी और आसूचना-एकत्रित करने वाले दृष्टिकोण द्वारा चित्रित।

अपनी उत्पाद प्रबंधन नीति के संदर्भ में, Solvay अपने ग्राहकों को समर्थन प्रदान करने के प्रावधान के सहित अपने उत्पादों के लिए उनके कार्यकाल के दौरान समर्थन प्रदान करने की शपथ लेता है।

Solvay "अत्यधिक चिंता" (SVHC) वाले पदार्थों के तौर पर वर्गीकृत पदार्थों जिनमें CMRs (कैंसरकारी, परिवर्तनकारी और प्रजनन के प्रति विषाक्त) भी शामिल हैं, के लिए विशिष्ट दृष्टिकोण विकसित कर रहा है। Solvay ने विशिष्ट सिफारिशों को कार्यान्वित किया है जो इन पदार्थों के प्रतिस्थापन को प्रोत्साहित करती हैं और कोई संभावित प्रतिस्थापन पदार्थ न होने की दशा में उनके उपयोग को कड़ाईपूर्वक नियंत्रित करते हैं।

- **पर्यावरण**

Solvay राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण कानूनों तथा विनियमों का अनुपालन करता है "पर्यावरण के संरक्षण में उन्नति के लिए रसायन उद्योग की प्रतिबद्धता" का पालन करता है। कंपनी इन सिद्धांतों को सुरक्षा में सुधार करने तथा स्वास्थ्यएवं पर्यावरणीय संरक्षा भी सुधार करने, और प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए अपनी अविरत प्रतिबद्धता के भाग के तौर पर लागू करती है।

अपने आप में, Solvay, जब भी संभव होगा, सर्वश्रेष्ठ विद्यमान प्रौद्योगिकियों का अधिकतम उपयोग करेगा जिससे यह अपनी उत्पादन प्रक्रिया से ग्रीनहाउस गैस का उत्सर्जन कम कर पाएगा।

कर्मचारी की प्रासंगिक पर्यावरणीय मानकों और समूह की नीतियों के प्रति जागरूकता अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय दोनों स्तरों पर Solvay के दृष्टिकोण में महत्ती भूमिका निभाते हैं। Solvay और IndustriALL Global Union इस संबंध में कर्मचारियों की जागरूकता और विशेषज्ञता को बढ़ाने के लिए अपने प्रयासों को साझा करेंगे।

## 7. **सामाजिक वार्तालाप**

- Solvay और IndustriALL Global Union संपन्न, संतुलित सामाजिक वार्तालाप के लिए एक समान प्रतिबद्धता साझा करते हैं। यह वार्तालाप, जो Solvay की संस्कृति का हिस्सा है, कर्मचारी की सहभागिता और साथ ही स्टाफ के प्रतिनिधियों के साथ नियमित सौदेबाजी सहित विभिन्न पहल का रूप ले लेता है। IndustriALL Global Union और इसकी संबद्ध इकाइयां समूह के भीतर विभिन्न वार्तालाप संरचनाओं में सक्रिय सहभागिता और ट्रेड यूनियन/कर्मचारी प्रतिनिधियों के पारस्परिक सम्मान के रवैये के लिए भरसक प्रयास करते हैं।

- Solvay और IndustriALL Global Union इस वार्तालाप में कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों सहभागिता को बढ़ाने और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

  इस संबंध में और राष्ट्रीय कानूनों तथा कंपनी की स्थानीय परिपाटियों के अनुपालन में, Solvay कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी संप्रेषित करेगा ताकि वे प्रासंगिक मुद्दों के बारे में सीख तथा समझ सकें। ट्रेड यूनियन/कर्मचारी प्रतिनिधि ऐसी सूचना की गोपनीयता बनाए रखने की शपथ लेते हैं।

- Solvay कर्मचारियों की पसंद की किसी ट्रेड यूनियन में शामिल होने या बनाने के उनके अधिकार का सम्मान करता है। Solvay “Solvay जन मॉडल” के अनुसार अपने कर्मचारियों की मुक्त पसंद के लिए सम्मान की संस्कृति के भाग के रूप में कर्मचारियों के उनकी पसंद की ट्रेड यूनियन में शामिल होने, उनके साथ बने रहने, स्थानांतरण करने, या उनके साथ अपने संबंध समाप्त कर देने के संबंध में पूर्णतया तटस्थ बना रहेगा।

  Solvay अपने कर्मचारियों के ट्रेड यूनियन के संबंध में उनके निर्णय को प्रभावित करने के लिए उनके साथ कोई भी अनुचित संप्रेषण करने से दूर रहेगा और सुनिश्चित करेगा कि अपने कर्मचारियों के साथ संगठन की मांग करने वाली ट्रेड यूनियन के प्रति सभी संप्रेषण वास्तविक तथा गैर-शत्रुतापूर्ण हैं।

- Solvay कर्मचारियों को हायर करते या उनके करियर का प्रबंधन करते समय ट्रेड यूनियन की किसी भ्ाी तरह की गतिविधियों के कारण भेदभाव का कोई भी व्यवहार न करने की शपथ लेता है।

- Solvay इस अनुबंध के निर्धारित अधिकारों का दावा करने वाले या इसके प्रावध्ाानों के अनुसार काम करने वाले उन कर्मचारियों या उनके प्रतिनिधियों के प्रति किसी भी भेदभाव का निषेध करता है।

- Solvay □□ IndustriALL Global Union कंपनी की मौजूदा सामाजिक वार्तालाप संरचनाओं का आकलन करने वाले संकेतकों का संयुक्त रूप से अनुश्रवण्ा करेगा।

- Solvay वैश्विक मंच (SGF) को ट्रेड यूनियन/कर्मचारी के प्रतिनिधियों तथा Solvay के शीर्ष प्रबंधन के बीच वैश्विक स्तर पर, विशेष्ा तौर पर कंपनी की कार्यनीति के बारे में, आंतरिक सामाजिक वार्तालाप करने के लिए स्थान विकसित करने के विचार से स्थापित किया गया है। अन्य के बीच वैश्विक मंच का उद्देश्य इस अनुबंध के कार्यान्वयन में योगदान करना, समूह के भीतर सामाजिक वार्तालाप

को सुरक्षित एवं विस्तारित करने के लिए पहल करना, समूह की कार्यपद्धति के मुख्य पहलुओं का विश्लेषण करना और सुधार के लिए पहल का प्रस्ताव करना है।

- SGF के एकदम सही संघटन और शर्तों तथा संदर्भ को दो साल के आकलन के बाद 2017 में विशिष्ट अनुबंध के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा।

## 8. सिविल वार्तालाप

- Solvay अपनी साइट्स के आसपास के समुदायों के साथ नियमित एवं भरोसेमंद संवाद को बेहद महत्ता प्रदान करता है। इस उद्देश्य के लिए, कंपनी वार्तालाप नीति बना रही है जो स्थानीय कानूनों, विनियमों और परिपाटियों को ध्यान में रखेगी।

- Solvay अपने उद्योग में सक्रिय गैर सरकारी संगठनों के साथ, यथावश्यकता, सकारात्मक तथा उत्तरदायी वार्तालाप करने की अपनी इच्छा को दावे के साथ कहता है।

- Solvay स्वैच्छिक आधार पर अपने कर्मचारियों की स्थानीय तथा वैश्विक समाज में मौजूदा भागीदारी को दो गुना करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 9. मुद्दे उठाने का अधिकार

- सभी कर्मचारी कानून का और कंपनी की वचनबद्धताओं तथा आचरण के नियमों का अनुपालन करने के लिए उत्तरदायी हैं। वे उल्लंघनों के लिए अपने पर्यवेक्षकों, प्रबंधकों, ट्रेड यूनियन/कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को सचते कर सकते हैं और मानव संसाधन या विधि विभाग के स्थानिय प्रतिनिधि को भी मामले का उल्लेख कर सकते हैं। Solvay ने विशेष कार्यप्रणाली का सेटअप किया है जो सुनिश्चित करता है कि कर्मचारी के मुद्दों को उस दशा में सुना जाए जब वार्तालाप के सामान्य तरीके उचित ढंग से काम नहीं कर रहे हों।

## IV - **कार्यप्रदर्शन के संकेतक**

Solvay और IndustriALL Global Union अनुबंध में निर्धारित प्रतिबद्धताओं के संबंध में समूह द्वारा रिपोर्ट किए गए संकेतकों के आधार पर इस अनुबंध की वार्षिक समीक्षा करेंगे।

**<u>स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण</u>**

- कंपनी की संदर्भ संरचना (Solvay देखभाल प्रबंधन प्रणाली) स्वच्छता, सुरक्षा और पर्यावरण के अंतर्गत पिछले तीन साल में ऑडिट की गई साइट्स का प्रतिशत
- MTAR: **काम के प्रति मिलियन घंटो में अभिव्यक्त सभी दुर्घटनाओं की बारंबारता दर**
- LTAR: काम के समय के नुकसान के साथ दुर्घटना की बारंबारता दर, काम के प्रति मिलियन घंटों में दुर्घटनाओं की संख्या में अभिव्यक्त
- -व्यावसायिक खतरों (रसायनों, शोर......) के प्रति कर्मचारी का कवरेज
- -चिकित्सा निगरानी के प्रति कर्मचारी का कवरेज
- काम पर सेहत पर ध्यान देने की अपेक्षा वाली साइट्स की पहचान और समर्थन (मुख्य रूप से Solvay कर्मचारी सर्वेक्षण पर आधारित)
- पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रभाव:
  - जल
  - वायु ($CO_2$ उत्सर्जन)
  - ऊर्जा की खपत
  - अपशिष्ट प्रबंधन

**कर्मचारी और सोशल तथा सामाजिक वार्तालाप**

- कुल कर्मचारी (प्रति देश और प्रति साइट, कुल संख्या)
- रोजगार ढांचा (प्रत्यक्ष रोजगार, अस्थायी रोजगार)
- काम को अगले◌े ठेके पर देने के संबंध में समूह की नीति
- मौजूदा सामाजिक सुरक्षा योजनाएं ओर कवर किए गए कर्मचारियों की संख्या या श्रेणी
- अंतरणीयता: आंतरिक उम्मीदवारों द्वारा भरी गई नौकिरयों की संख्या बनाम बाहरी उम्मीदवारों द्वारा भरी गई नौकिरयों की संख्या
- नौकरी प्रशिक्षण
- मौजूदा सामाजिक वार्तालाप संरचना
- सामाजिक कार्य

Solvay □□ IndustriALL Global Union वर्तमान में रिपोर्ट किए गए सामाजिक संकेतकों को इष्टतम करने और आवश्यकता के नए क्षेत्रों की पहचान करने के लिए उपायों की संयुक्त रूप से निगरानी करते हैं।

**आूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और उप-ठेकेदारों के साथ संबंध**

- Solvay के मानकों के अनुपालन और किसी तरह के आवश्यक सुधारात्मक उपायों की समीक्षा
- आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दायर की गई शिकायतों □□ Solvay द्वारा इन शिकायतों को संसाधित करने की समीक्षा

## Solvay **शैली**

Solvay शैली दृष्टिकोण का उद्देश्य कर्मचारियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ और अधिक वार्तालाप करने की संरचना के भीतर सामाजिक तथा पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की शर्तों में निरंतर प्रगति करना है।

Solvay शैली संदर्भ संरचना छह अलग-अलग हिस्सेदारों के संबंध में समूह की कंपनियों की परिपाटियों तथा प्रगति का वार्षिक आकलन प्रदान करती है: ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, कर्मचारी, निवेशक, समुदाय और पर्यावरण

संदर्भ संरचना कंपनियों को इन परिपाटियों के कार्यान्वयन के उनके वर्तमान स्तर को निर्धारित करने देगी, और फिर सतत् प्रगति के दृष्टिकोण में इनसे जुड़े सुधार के उद्देश्यों तथा योजनाओं को परिभाषित करने देगी।

Solvay की प्रतिबद्धताएं बदलाव करने के लिए उत्तरदायी हैं; ऐसे किसी भी बदलाव को इस अनुबंध के संबंध में उत्तरोत्तर सौदेबाजी के दौरान इस अनुच्छेद में शामिल किया जाएगा।

उत्तरदायित्वका प्रोफाइल इसप्रकार इस अनुबंध के लिए संकेतकों की निगरानी करने के भाग की रूपरेखा बनाता है ▯▯ Solvay शैली के कार्यान्वयन की वार्षिक समीक्षा में IndustriALL शामिल होगा।

Solvay ▯▯ IndustriALL Global Union का मानना है कि Solvay शैली दृष्टिकोण इस अनुबंध के गतिशील अनुप्रयोग में अति प्रमुख योगदान देता है और इसकी संपूर्ण सफलता को सुनिश्चित करने के लिए वे अपने प्रयासों को संयोजित करने पर सहमत हुए हैं।

## V - अनुबंध का अनुप्रयोग: पद्धति

यह अनुबंध, जो दुनियाभर में Solvay की सभी गतिविधियों पर लागू होता है और कंपनी की श्रम परिपाटियों को विस्तारित करता है तथा स्थानीय वार्तालाप और सौदेबाजी की परिपाटियों को प्रतिस्थापित करने या उनमें हस्तक्षेप करने के लिए अभिप्रेत नहीं है।

Solvay प्रबंधन को इस अनुबंध की प्रतियां प्रदान करने और कर्मचारियों को इसकी मौजूदगी तथा इसमें अपरिहार्य बनाई गई प्रतिबद्धताओं के बारे में सूचित करने की शपथ लेता है। व्यापक जागरूकता और वितरण के उद्देश्य के साथ, सरलीकृत तथा इलेक्ट्रॉनिक संस्करण का भी प्रयोग किया जा सकता है। यह अनुबंध IndustriALL Global Union के साथ अनुबंध में संबंधित भिन्न देशों की भाषाओं में अनूदित किया जाएगा और समूह की वेबसाइट “धारणीय विकास”, मानव संसाधन (HR) और खरीद खंडों में उपलब्ध होगा।

इस संबंध में, भर्ती होने वाले नए लोगों के प्रति विशेष ध्यान दिया जाएगा और उन्हें इस अनुबंध की एक प्रति प्रदान की जाएगी।

Solvay और IndustriALL Global Union अपने साइट्स पर कर्मचारियों प्रतिनिधियों द्वारा इस अनुबंध की इष्टतम परिचालन तथा समझ सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करेंगे। इस संबंध में, Solvay इस अनुबंध द्वारा अपेक्षित सामाजिक वार्तालाप विकसित करने में सहायता के लिए IndustriALL Global Union द्वारा स्थानीय तौर पर आयोजित की जा सकने वाली बैठकों के प्रतिनिधियों की सहभागिता को सुगम बनाएगा।

Solvay IndustriALL Global Union सहमत होते हैं कि वे सामने आई किसी भी समस्या के बारे में एकदूसरे को सूचित करने और सर्वश्रेष्ठ समाधन निर्धारित करने के लिए निरंतर आधार पर पारस्परिक रूप से उपलब्ध होंगे।

Solvay IndustriALL Global Union दोनों का मानना है कि समस्याओं को उनके उत्पन्न होने के स्थान के यथा निकटस्थ सबसे बढ़िया ढंग से सुलझाया जा सकता है।

फिर भी, Solvay और IndustriALL Global Union सहमत होते हैं कि ऐसी कठिनाइयों की दशा में जिनका समाधान नहीं किया जा सकता या इस अनुबंध की शर्तों को लागू करने में विफल होने पर, मतभेद समाधान की प्रक्रिया का निम्नानुसार पालन किया जाएगा:

यदि कोई संतोषजनक समाधान नहीं मिलता है तो मामले का निपटारा सीधे राष्ट्रीय प्रबंधन और संबंधित ट्रेड यूनियनों द्वारा इस अनुबंध के हस्ताक्षरकर्ताओं की सलाह से किया जाएगा।

उसमें विफल होने पर, हस्ताक्षरकर्ता के पास मामले को Solvay मुख्यालय लाने की संभावना होगी, चाहे अनुबंध के निष्पादित होने और/या तृतीय पक्ष के हस्तक्षेप का स्थान कोई भी क्यों न हो।

सामने आई सभी समस्याओं और प्रदान किए गए समाधानों को हस्ताक्षरकर्ताओं के बीच वार्षिक बैठक में रखा जाएगा..

## VI - निगरानी ??वार्षिक समीक्षा

Solvay और IndustriALL Global Union इस अनुबंध के प्रयोग की निरंतर निगरानी करेंगे और उसे सही करेंगे तथा इस संबंध में वे संयुक्त रूप से परिभाषित देश या अंचल में वैश्विक पैनल के माध्यम से आकलन करेंगे।

**<u>पैनल की सदस्यता</u>**

- समूह के सामान्य प्रबंधन द्वारा नियुक्त Solvay Group के 3 प्रतिनिधि
- IndustriALL Global Union के केंद्रीय निकाय से 2 प्रतिनिधि
- IndustriALL Global Union द्वारा Solvay वैश्विक मंच के सदस्यों में से प्रति भौगोलिक क्षेत्र के लिए चुना गया 1 प्रतिनिधि
- संबंधित भौगोलिक क्षेत्र हैं: उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, यूरोप और एशिया।

## संगठन की शर्तें

पैनल साल में कम से कम एक बैठक करता है। यदि आवश्यक हों, तो पक्षकार अतिरिक्त बैठकें करने का निर्णय कर सकते हैं।

पैनल की वार्षिक बैठक समूह के साइट्स में से इस अनुबंध के पक्षकारों द्वारा साल की प्रथम तिमाही में चुने गए किसी एक साइट पर की जाएगी।

Solvay संगठन की बैठकों से संबंधित व्यय के अतिरिक्त पैनल के सदस्यों द्वारा यात्रा तथा निवास पर हुए व्यय का भुगतान करेगा।

IndustriALL द्वारा तैयार की गई मसौदा रिपोर्ट बैठक के बाद एक माह के भीतर Solvay को भेजी जाएगी। Solvay इसे मसौदा प्राप्त होने के बाद एक माह के भीतर इसे अपनी टिप्पणिया संप्रेषित करेगा। पक्षकार बैठक की संयुक्त रिपोर्ट बनाएंगे। यदि भिन्न मत हैं तो वे संयुक्त रिपोर्ट के आखिर में रखे जाएंगे।

इस अनुबंध के प्रयोग में सामने आई किसी भी समस्या को रिपोर्ट में बताया जाएगा जो किए गए समाधान की भी चर्चा करेगी। यदि कठिनाइयों का अवलोकन स्थानीय स्तर पर होता है तो यह रिपोर्ट संबंधित साइट के प्रबंधन तथा कर्मचारी प्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से लिखी जाएगी और इसे समग्र समीक्षा में शामिल किया जाएगा।

IndustriALL Global Union साल की पहली तिमाही में आयोजित की जाने वाली Solvay वैश्विक मंच की बैठक के दौरान वार्षिक आधार पर इस अनुबंध के प्रयोग के संबंध में प्रस्तुतिकरण देगा।

□□ □□□□ □□, Solvay सहमत हुए संकेतकों और इस अनुबंध के अनुसार शामिल किए गए देशों में IndustriALL Global Union □□ Solvay द्वारा किए गए संयुक्त आकलन के आधार पर समीक्षा दस्तावेज प्रस्तुत करेगा।

Solvay □□ IndustriALL Global Union इस अनुबंध के संभावित नवीकरण की तैयारी करने के प्रयोजन से इसके समापन से पूर्व संयुक्त समीक्षा पर सहमत होते हैं। अनुबंध की वैधता

के समापन पर संचालित की गई, यह समीक्षा दोनों पक्षकारों द्वारा चुने गए किसी बाहरी विशेषज्ञ को सौपी जा सकती है, जिसकी लागत Solvay द्वारा वहन की जाएगी।

स्वास्थ्य और सुरक्षा दौरा

Group के भीतर स्वास्थ्य और सुरक्षा की स्थिति की निगरानी करने के लिए एक वार्षिक संयुक्त दौरे का आयोजन किया जाएगा।

इस उद्देश्य के लिए, Group द्वारा नियमित रूप से देखे गए संकेतकों तक पहुंच को IndustriALL को अंतरित किया जाएगा। इस अनुबंध के पक्षकार, यदि आवश्यक हो, इन संकेतकों को अन्य विशिष्ट जानकारी के साथ अनुपूरक कर सकते हैं।

कार्य सतत् प्रगति के दृष्टिकोण पर आधारित है। वैसे तो, रिपोर्ट में अवलोकन और सुधार के लिए सिफारिशे हैं। IndustriALL द्वारा तैयार की गई मसौदा रिपोर्ट दौरे के बाद एक माह के भीतर Solvay को भेजी जाती है। Solvay इसे मसौदा प्राप्त होने के बाद एक माह के भीतर इस पर अपनी टिप्पणियां संप्रेषित करेगा। पक्षकार बैठक की संयुक्त रिपोर्ट बनाएंगे। यदि भिन्न मत हैं तो वे संयुक्त रिपोर्ट के आखिर में रखे जाएंगे।

**अन्य प्रावधान**

Solvay □□ IndustriALL Global Union इस अनुबंध के प्रयोग से उत्पन्न किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए एकमात्र पक्षकार हैं।

Solvay □□ IndustriALL Global Union समूह के भीतर विश्वव्यापी सामाजिक वार्तालाप विकसित करने के फायदों के बारे में सहमत हैं और इस मामले पर विचारों का अनुसरण करेंगे। एकबार उन पर निर्णय हो जाने पर, इस वार्तालाप के निबंधन एवं शर्तें इस अनुबंध के संशोधन के अधीन होंगी।

## VII - **अनुबंध की वैधता**

इस अनुबंध का नवीकरण पांच साल की अवधि के लिए किया जाता है।

अनुबंध को संविदागत संशोधन द्वारा इस अनुबंध को उपयोगी बनाने की दृष्टि से किसी भी समय संशोधित किया जा सकता है।

अनुबंध की समापन तिथि के पूर्वगामी एक साल और इस तिथि से ठीक तीन माह पूर्व तक, हस्ताक्षरकर्ता इसे संभावित नवीकरण के दृष्टिगत अनुबंध के प्रयोग की समग्र समीक्षा तैयार करने के लिए मुलाकात करेंगे।

छह माह का नोटिस देकर कोई भी पक्षकार इस अनुबंध से हट सकता है।

यह अनुबंध IndustriALL Global Union के साथ संयुक्त रूप से तैयार की गई सूची के अनुसार उन देशों जहां Solvay के उत्पादन साइट्स हैं, में से प्रत्येक की भाषा में अनूदित किया जाएगा। हस्ताक्षरकर्ताओं के लिए अनुबंध का अंग्रेजी संस्करण कानूनी तौर पर लागू होगा।

ब्रसल्स, फरवरी 3 2017

Solvay Group, **जीन-पिएरे कलामाडीयू** (Jean-Pierre Clamadieu), सीईओ और COMEX के चेयरमेन द्वारा प्रतिनिधित्व

IndustriALL Global Union, इसके महासचिव वाल्टर सांचेज (Valter Sanches) द्वारा प्रतिनिधित्व,

IndustriALL Global Union के **वाल्टर सांचेज**, महासचिव द्वारा प्रतिनिधित्व

*संलग्नक:*

*1. Solvay शैली संरचना*

*2. Solvay का जन अौर प्रबंधन मॉडल*